तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 15 मार्च 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

2 अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार के लिए 10 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन



## खबर संक्षेप

### वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति जारी नहीं होगी

**अनूपपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि भारत सरकार (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय) के आदेशानुसार मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति और इसके परिणामस्वरूप आयात में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के अलावा किसी भी अन्य ग्राहक को वाणिज्यिक एलपीजी (थोक और पैक्ड) की आपूर्ति अगली सूचना तक जारी नहीं की जाएगी। घरेलू उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए एलपीजी वितरण में अतिरिक्त उपाय भी लागू किए गए हैं, जैसे कि पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार करना। इस कदम का उद्देश्य घबराहट में बुकिंग को रोकना और उपभोक्ताओं के बीच समान वितरण सुनिश्चित करना है।

### सुभाष को मिला प्रमाण पत्र और श्रवण यंत्र

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के निवासी सुभाष पांडे लंबे समय से श्रवण दोष के कारण सुनने में कठिनाई का सामना कर रहे थे। उचित दस्तावेजों के अभाव और यूडीआईडी कार्ड न बने होने के कारण उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही थी। जैसे ही यह मामला समाज कल्याण विभाग के संज्ञान में आया, विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने समस्या के समाधान की पहल की। विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बोर्ड के माध्यम से श्री पांडे का परीक्षण कराया गया और मौके पर ही उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।

### हादसे की गहन जांच में जुटी चरचा पुलिस

# तीन मंजिला इमारत की बालकनी से गिरकर एसईसीएल कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित अंबेडकर नगर में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में एसईसीएल कर्मी की छत से गिरकर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर के तीन तल्ला स्थित क्वार्टर क्रमांक 1756 में रहने वाले एसईसीएल कर्मी श्यामलाल पांव उम्र लगभग 48 वर्ष पिता स्व.सुखदेव पांव चरचा वेस्ट क्षेत्र में कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि वे अपनी पत्नी के साथ उक्त क्वार्टर में रहते थे।

शनिवार की सुबह लगभग 4 बजे किसी अज्ञात कारणवश वे अपने घर की बालकनी से नीचे मुंह के बल गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और काफी खून निकलने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि सुबह जब उनकी पत्नी की नींद खुली और उन्होंने पति को घर में नहीं देखा, तब बाहर जाकर देखा तो वे नीचे गिरे हुए थे। यह दृश्य देखकर वह घबरा गर्इं और तुरंत अपने परिजन को फोन कर घटना की जानकारी दी। वहीं आसपास के लोगों ने भी घटना की सूचना चरचा थाना को दी। सूचना मिलते ही चरचा थाना प्रभारी उप निरीक्षक आनंद सोनी अपने स्टाफ के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ उप निरीक्षक बालेश्वर महानंदी, प्रधान आरक्षक शशिभूषण, आरक्षक साकेत मरकाम तथा सैनिक विकास सिंह मौजूद रहे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया, इसके अलावा चिरमिरी से फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बैकुंठपुर भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पार्षद कुंडल साय, प्रदीप तिवारी तथा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष भूपेन्द्र यादव सहित एसईसीएल के कार्मिक प्रबंधक ददन राम, सुरक्षा प्रहरी जितेन्द्र यादव, सुनील बडला, प्रधान महिला सुरक्षा कर्मी सुमन एक्का मौजूद रही। घटना की जानकारी मिलते ही सहक्षेत्र प्रबंधक संजय सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि एसईसीएल प्रबंधन मृतक कर्मचारी के परिवार के साथ खड़ा है।

उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से नियमानुसार हर संभव सहायता मृतक के परिजन को प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश भी दिए। बताया जा रहा है कि मृतक मूलत मध्यप्रदेश के बिजुरी का निवासी था और वर्ष 2014 में जमीन बहाली के तहत एसईसीएल में नौकरी पर लगा था। मृतक के तीन बच्चे हैं। घटना की खबर मिलते ही बड़ा पुत्र अपने चाचा के साथ बिजुरी से चरचा पहुंचे। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। इधर घटना की खबर फैलते ही अंबेडकर नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोग काफी संख्या में मौके पर जुट गए। सभी इस अचानक हुई घटना से स्तब्ध नजर आए। पुलिस अधिकारियों ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर ⏭ शेष पेज 4 पर



जांच में जुटी पुलिस की टीम। इनसेट में मृतक।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में 11 वीं के छात्र ने लगाई फांसी



**सोनहत।** जिले के विकासखंड सोनहत के ग्राम कटगोड़ी स्थित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में अध्ययनरत कक्षा 11 वीं के एक छात्र की फांसी लगने से मौत का मामला सामने आया है। घटना से छात्रावास सहित पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, वहीं मौत मामले पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बसेर निवासी भीम सिंह का पुत्र कटगोड़ी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि 13 मार्च की रात छात्र ने छात्रावास के अंदर ही फांसी लगा ली। सुबह अन्य छात्रों ने इसकी जानकारी दी, जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ। मामले की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। सोनहत एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी छात्रावास पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक गुलाब कमरो के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि अविनाश पाठक भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पूर्व विधायक श्री कमरो ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।



# पेड़ में लगी आग, दमकल ने मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर से बिलासपुर मार्ग पर ग्राम सलका में मुख्य मार्ग किनारे एक विशाल पेड़ पर आग लग गई, जिसे स्थानीय लोगों द्वारा बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग पर काबू नहीं हो सका था, इसके बाद देर रात्रि दमकल वाहन को सूचना दी गई और सूचना पाकर दमकल वाहन की टीम मौके पर पहुंची और कुछ ही देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, इससे आस-पास के लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार जिस विशाल पेड़ पर आग लगी थी, उसके पास ही विद्युत ट्रांसफार्मर के साथ नजदीक ही प्लांटेशन भी स्थित था, इसके चलते खतरा यह था कि आग कही ज्यादा भड़कती तो खतरा बढ़ने की संभावना ज्यादा थी, लेकिन समय रहते विशाल पेड़ पर लगे आग पर काबू पा लिया गया।

## नर्सरी में लगी भीषण आग, टला बड़ा हादसा



आग बुझाने में शामिल टीम।

**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के पोखरी के पास स्थित नर्सरी में शनिवार सुबह असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दिए जाने का मामला सामने आया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के क्षेत्र में फैलने लगी। आग की लपटें ग्राउंड दफाई वार्ड क्रमांक 7 के काफी करीब पहुंच गई थीं, जिससे जनहानि और वनहानि का बड़ा खतरा पैदा हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नवयुवक दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों ने तत्काल सक्रियता दिखाई। रण कुमार ने घटना की ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### डिलिस्टिंग की मांग को लेकर भैयाथान में हुई जनजातीय सुरक्षा मंच की बैठक

**भैयाथान।** जनजातीय समाज से जुड़े मुद्दों को लेकर जनजातीय सुरक्षा मंच द्वारा भैयाथान स्थित मंगल भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डिलिस्टिंग की मांग को लेकर 24 मई को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने कहा गया। बैठक में बताया गया कि देशभर से करीब 10 लाख जनजातीय समाज के लोग दिल्ली पहुंचकर डीलिस्टिंग की मांग को लेकर महारैली करेंगे। इसी तैयारी के तहत भैयाथान में आयोजित कार्यशाला में विकासखंड के सभी गांवों में ग्राम समितियों के गठन, जनसंपर्क अभियान चलाने तथा दिल्ली रैली में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन कराने का निर्णय लिया गया। जनजातीय सुरक्षा मंच के जिला संयोजक संत सिंह और जिला सह संयोजक लाल साय ने कहा कि जनजातीय समाज लंबे समय से यह मांग कर रहा है कि जो लोग आदिवासी परंपराओं को छोड़कर अन्य धर्मों को अपना चुके हैं, उन्हें आरक्षण सूची से बाहर किया जाए। इसी मांग को डिलिस्टिंग कहा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर देशभर में आंदोलन चल रहा है। इसके तहत गांव-गांव में ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कराने की तैयारी भी की जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर डीलिस्टिंग की मांग रखी जा रही है। देशभर से करीब एक करोड़ पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से अब तक लगभग 5 लाख पोस्टकार्ड भेजे जा चुके हैं। बैठक के दौरान हेम सिंह, राय सिंह, हृदय सिंह, बुधराम सिंह, रामप्रसाद पैकरा, टीमल सिंह, लाल बीयार, महेंद्र सिंह मार्को, शिवप्रसाद, टाकेश्वर, शशि सिंह, फलेश्वर सिंह, केपी सिंह, दीपक सहित जनजातीय सुरक्षा मंच के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने ठेकेदार व मकान मालिक के विरूद्ध दर्ज किया अपराध

**अम्बिकापुर।** घुटरा पारा में निर्माणाधीन मकान में पुट्टी पेंट करने के दौरान मजदूर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत पुलिस ने ठेकेदार व मकान मालिक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कंठी निवासी बहुरन राम आ. ईश्वर (27 वर्ष) 8 दिसंबर को घुटरापारा निवासी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के घर पेंट पुट्टी का काम कर रहा था। इसी दौरान हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से मजदूर नीचे गिर गया। मजदूर को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम जांच उपरांत असुरक्षित तरीके से मजदूर से काम कराने पर ठेकेदार व मकान मालिक के विरूद्ध धारा 106, 6 (1), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक पर चाकू से हमला अपराध दर्ज

**सूरजपुर।** पैसा की लेनदेन की बात को लेकर हुए विवाद पर युवक पर चाकू से हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। ग्राम डेडरी ढोढीपारा निवासी बालेश्वर राजवाड़े 11 मार्च की रात गांव में ही राम नारायण राजवाड़े के दुकान के पास दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान ग्राम सपकरा निवासी सतीश सोनी आया और पुराना पैसा की लेनदेन की बात को लेकर विवाद करने लगा। जिस पर बालेश्वर ने उसे समझा कर वापस भेज दिया और संजीव के साथ घर आने लगा। इसी बीच सतीश ने गाली गलौज करते हुए अपने पास रखे चाकू से हमला कर फरार हो गया। परिजन ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296(बी), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नर्मदापुर साप्ताहिक बाजार से दो बाइक की चोरी, पीड़ितों को थाने से बैरंग लौटाया

मैनपाट। पुलिस की गश्ती बंद होने से असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ गई है। गुरूवार को नर्मदापुर साप्ताहिक बाजार से चोरों ने दो ग्रामीणों की बाइक पार कर दी। पीड़ित चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने कम स्टाफ होने का हवाला देकर पहले स्वयं चोरी की गई मोटरसाइकिल की खोजबीन करने के निर्देश दे बैरंग लौटा दिया। ग्राम नर्मदापुर निवासी रविनाथ ने बताया कि वह गुरूवारी को अपनी हीरो डिलक्स मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 15 जीएन 8156 को खड़ी कर खरीददारी कर रहा था। वापस लौटा तो उसकी मोटर साइकिल गायब थी। इसी तरह उरंगा निवासी समल बहादुर की हीरो स्पलेंडर बाइक को भी चोरों ने साप्ताहिक बाजार से पार कर दिया। साप्ताहिक बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में तलाश करने पर बाइक की जानकारी नहीं मिली तो पीड़ित थाने पहुंचे जहा पुलिस ने उन्हें बैरंग लौटा दिया।

### जिले के युवाओं को सेना में करियर के लिए किया जा रहा प्रेरित

सूरजपुर। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है और जिले के कोने-कोने तक इस अभियान को पहुंचाने का संकल्प लिया है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में जिले के समस्त महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो युवाओं को अग्निवीर बनने की राह पर योजनाबद्ध ढंग से अग्रसर कर रहे हैं। इस अभियान को धार दे रहे हैं भूतपूर्व पैरा कमांडो पुरुषोत्तम चंद्रा जिनके अनुभव और वक्तव्य युवाओं में सेना के प्रति ललक जगाने का काम कर रहे हैं।

## सांसद चिंतामणि महाराज ने 2 नए प्लेटफार्म सहित विकास कार्यों की रखी आधारशिला

# अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार के लिए 10 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सांसद चिंतामणि महाराज ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन परिसर में 2 नए प्लेटफार्म, नयी लूप लाइन, फुटओवर ब्रिज निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं।

**खास बात**

- ट्रेन विस्तार के लिए सम्मलित प्रयास करने का आह्वान

यात्रियों की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा स्टेशन में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के पूर्ण होने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा ट्रेनों के संचालन में भी सुगमता आएगी। उन्होंने कहा कि नए प्लेटफार्म के निर्माण और लूप लाइन के विस्तार से ट्रेनों के आवागमन की क्षमता बढ़ेगी। फुटओवर ब्रिज बनने से यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक सुरक्षित आवाजाही का बेहतर विकल्प मिलेगा। क्षेत्र के विकास के लिए रेल सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अंबिकापुर के विकास के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा और समय-समय पर शहर के विकास से संबंधित सुझाव भी देते रहना चाहिए। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को लापरवाही छोड़कर समयबद्धता और कर्मठता के साथ कार्य करने की नसीहत दी साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में रेलवे के मानकों के अनुसार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में वाशिंग पिट का कार्य पूर्णता की ओर है और इस वर्ष के अंत तक नए प्लेटफार्म का निर्माण भी पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद अम्बिकापुर से नई ट्रेनों का संचालन सुगमता से संभव हो सकेगा। अंबिकापुर से रायपुर के लिए सीधी इंटरसिटी ट्रेन शुरू करने के प्रस्ताव को रेलवे ने संज्ञान में लिया है। इस ट्रेन को प्रातः 4 बजे अम्बिकापुर से चलकर सुबह 11 बजे रायपुर पहुंचने तथा शाम 4 बजे रायपुर से चलकर 11 बजे अम्बिकापुर पहुंचने का प्रस्ताव भेजा गया है। स्टेशन में पार्किंग की समस्या को दूर करने तथा स्टेशन तक अलग पहुंच मार्ग की संभावनाओं की भी रेलवे द्वारा संभाव्यता परीक्षण की बात कही गई है। स्टेशन के दूसरे छोर से ऑटो की निकासी के लिए अलग मार्ग बनाए जाने से जाम की समस्या का समाधान हो सकेगा। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, विनोद हर्ष, सहायक मण्डल अभियंता अजय कुमार गुप्ता ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, नगर पंचायत सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, करता राम गुप्ता, कैलाश मिश्रा, अजय तिवारी, मंगल पाण्डेय, मनीष सिंह, पीयूष त्रिपाठी, विजय व्यापारी, मनोज गुप्ता, रेलवे बोर्ड के एएनआई श्री अजय कुमार, स्टेशन प्रबंधक सुधांशु रंजन, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



भूमिपूजन करते सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधि।



## जामुन का पेड़ काटते समय गिरने से मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

नगर पंचायत भटगांव के वार्ड क्रमांक 8 ईट भट्ठा पारा में जामुन पेड़ काटने के दौरान गिरने से 46 वर्षीय मजदूर बृजमोहन की मौत हो गई। मजदूर की मौत हो जाने पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर परिजन व ग्रामीणों ने पंडित रविशंकर त्रिपाठी चौक के समीप चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन से आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। प्रशासन के आश्वासन के बाद ही चक्का जाम समाप्त किया।

- प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ विरोध प्रदर्शन

ग्राम मरहठा निवासी बृजमोहन (46 वर्ष) मजदूरी का काम करता था। जामुन पेड़ काटने के दौरान हादसे में उसकी मौत हो जाने पर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजन और ग्रामीणों ने सरकार से तत्काल आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सुबह करीब 11 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण पंडित रविशंकर त्रिपाठी चौक के समीप सड़क जाम कर दी, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर सूचना मिलते ही भैयाथान एसडीएम और भटगांव तहसीलदार शिव नारायण राठिया तत्काल मौके पर पहुंचे और परिजन व ग्रामीणों से चर्चा कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि शासन के नियमों के अनुसार मृतक के परिवार को मिलने वाली मुआवजा राशि की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी और घटना की जांच कर पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाई जाएगी। आश्वासन के बाद परिजन व ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया।

## अकीदत के साथ अता की गई अलविदा जुमा की नमाज

**अम्बिकापुर।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान के अवसर पर अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ आता की गई। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को शहर सहित संभाग की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई व समाज के लोगों ने अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। बता दें कि मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान का महीना चल रहा है। इस एक माह तक समाज बच्चे, बड़े व बुजुर्ग रोजा रखने के साथ ही इबादत में लीन है। रमजान के मौके पर मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी गई जबकि जगह जगह दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। रमजान के मौके पर मस्जिदों में भी प्रतिदिन इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। मुस्लिम समाज के इबादत का महीना अब समाप्त होने से पहले अंतिम शुक्रवार को आज अलविदा जुमा के रूप में मनाया गया। अलविदा जुमा के मौके पर समाज के लोग नए व साफ सुथरे कपड़े पहनकर मस्जिदों में पहुंचे थे जहां अलविदा जुमा की दो रकत नमाज अता की गई। इस दौरान शहर के जामा मस्जिद में मुफ्ती अबरार अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इसके साथ ही रसूलपुर नाजमिया मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इस दौरान मस्जिदों में नमाज पढ़ने वाले नमाजियों की भीड़ को देखते कमेटियों द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। गर्मी के मौसम में धूप से बचाव के लिए टेंट पंडाल की व्यवस्था की गई थी। नमाज उपरांत समाज के लोगों ने अपने व परिवार की खुशहाली, देश में अमन चैन की दुआ मांगी। जामा मस्जिद में नमाज पढने के दौरान कमेटी के इरफान सिद्दीकी, अफजाल अंसारी, अब्दुल लतीफ, मिन्हाजुल खान, पिक्कू खान, रिजवान सिद्दीकी, बाबू भाई, अमीर अंसारी, याकूब खान, नान बाबा, गुड्डन अंसारी, रियाज अंसारी, सिकंदर खान, इमरान सिद्दीकी सहित अन्य मौजूद थे।

- कसमाज के लोगों ने मांगी खुशहाली, अमन चैन की दुआ





## दोना-पत्तल दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम सलका में उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक दोना पत्तल दुकान में आग लग गई। आगजनी की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए वहीं सूचना के बाद भी दमकल के समय पर नहीं पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने सूझबूझ कर परिचय देते हुए आग पर काबू पाया। आगजनी से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

- तीन घंटे बाद पहुंची दमकल, ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

भटगांव क्षेत्र के ग्राम सलका में बुधवार की सुबह दोना-पत्तल दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सुबह करीब 9 बजे गांव के लोगों ने अवंति दोना-पत्तल दुकान से धुआं और आग की लपटें निकलते देखा। देखते ही देखते आग ने दुकान के भीतर रखे दोना-पत्तल, डिस्पोजल सामान आग की चपेट में आ गई जिससे पूरे दुकान में आग फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पानी व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मनोज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आगजनी से दुकान में रखे सामान को भारी नुकसान पहुंचा है। आगजनी से करीब 3 से 3.50 लाख रुपये तक का नुकसान बताया जा रहा है। बताया गया कि घटना के समय दुकान संचालक का परिवार अपने दामाद के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे जिससे दुकान बंद थी। प्रारंभिक जांच में दुकान में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह 9 बजे लगी आग पर काबू पाने के लिए दमकल वाहन करीब तीन घंटे बाद 12 बजे मौके पर पहुंचा। तब तक ग्रामीणों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

## कांग्रेस की जांच टीम पहुंची राजाकटेल गांव, पंडो समाज की भूमि पर कब्जे का मामला

**अंबिकापुर।** लखनपुर क्षेत्र के ग्राम राजाकटेल गांव में संरक्षित पण्डो जनजाति के कृषि भूमि के कब्जे को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक द्वारा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह के नेतृत्व में गठित 8 सदस्यीय दल ने ग्राम का दौरा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली है। राजाकटेल में विशेष संरक्षित पण्डो जनजाति की कृषी भूमि पर बाहरी लोगों के द्वारा कब्जा कर उन्हें बेदखल किये जाने की जानकारी सामने आ रही थी। जनजाति के लोगों की मांग पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश पर जिला कांग्रेस के द्वारा गठित दल ने गांव का दौरा कर वस्तुस्थिति को जाना है। गांव का दौरा करने के बाद जांच हेतु गठित दल में शामिल कांग्रेस महामंत्री एवं अधिवक्ता हेमंत तिवारी ने यह जानकारी दी कि 80 के दशक में इस गांव के पंडो जनजाति को सिंहदेव योजना के अन्तर्गत भू-अधिकार तो दिए गए लेकिन इससे संबंधित दस्तावेज आजतक नहीं दिये गये। आज तक गांव में भूमि का न तो सीमांकन हुआ है न ही कब्जे से संबंधित नक्शों को काटा गया है, न ही इस जनजाति के भू-स्वामियों को भू-अधिकार से संबंधित दस्तावेज ही उपलब्ध कराए गए हैं। इससे भूमि के मालिकाना हक की पहचान स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच में यह बात सामने आयी है कि पण्डो जनजाति के जमीनो के साथ ही गांव की अन्य शासकीय जमीन पर भी कब्जा हुआ है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने बताया कि विवाद उभरने के बाद प्रशासन के द्वारा गठित जांचदल ने भी मौके पर कोई पुख्ता कार्रवाई नहीं की है, न तो नापजोख किया है न ही सीमांकन किया है इससे कांग्रेस के गठित दल की अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह ने इस जनजाति के प्रभावितों से हुई चर्चा के हवाले से यह जानकारी दी कि भाजपा पण्डो जनजाति के जमीन के कब्जे को सांप्रदायिक रंग देकर अपनी राजनीति तो कर रही है लेकिन शासन सत्ता के बावजूद संरक्षित पण्डो जनजाति को राहत दिलाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रही है। इसी बात से निराश होकर इस जनजातीय समुदाय ने न्याय की आश में हमसे संपर्क किया है। बहरहाल इस मामले में जांच दल 2 दिनो के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट जिला कांग्रेस अध्यक्ष को सौंप देगा। इस कार्यवाही के दौरान जांच दल के सदस्य के रूप में लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित सिंहदेव, उदयपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका पैकरा, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या रवानी एवं जगरोपन यादव भी मौजूद थे।

- कहा- भाजपा न्याय दिलाने के बदले कर रही सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास



### गांव में कैंप लगाकर करें समस्या का निवारण : बालकृष्ण

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा है कि अति संरक्षित पण्डो जनजाति के जमीन सहित शासकीय जमीन पर कब्जे का मामला बेहद गंभीर है। दोषियों की पहचान कर उन्हें बेदखल कर पण्डो जनजाति के प्रभावितों को उनके जमीन का हक दिलाने की आवश्यकता है लेकिन सत्ता में मौजूद भाजपा कार्रवाई करने के बजाय सांप्रदायिक राजनीति में व्यस्त है। भाजपा पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव जो कि पण्डो समाज के भू-अधिकार के हित में कार्य कर रहे हैं के बयानो को तोड-मरोडकर और उनका पुतला दहन कर इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रही है। उसे पण्डो समाज के हित से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर सरगुजा से मिलकर यह मांग करेगा कि प्रशासन समय सीमा निर्धारित कर ग्राम राजाकटेल में कैंप लगाकर भूमि की नाप जोख और सीमांकन कर प्रभावित पण्डो जनजाति के परिवारों को उनकी भूमि का कब्जा वापस दिलाये।

## देवगढ़ को मिली उप तहसील की सौगात मंत्री ने की घोषणा

**अम्बिकापुर।** उदयपुर विकासखंड के देवगढ़ को उप तहसील का दर्जा प्रदान कर दिया गया है। शुक्रवार को विधानसभा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने देवगढ़ में उप तहसील स्थापित किए जाने की घोषणा की। इस दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि लंबे समय से उदयपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा देवगढ़ में उप तहसील की स्थापना की मांग उठाई जा रही थी। अब इस मांग के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को राजस्व और प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर-दराज के कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पडेगा। देवगढ़ में उप तहसील बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को नामांतरण, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, भू-अभिलेख संबंधी कार्यों सहित अन्य राजस्व सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। इससे न केवल आम लोगों का समय और खर्च बचेगा, बल्कि प्रशासनिक कामकाज भी अधिक सुगम और प्रभावी ढंग से संचालित हो सकेगा।

## अफीम की खेती करने को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक



**शंकरगढ़।** कुसमी क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में अवैध अफीम की खेती किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अनमोल टोप्पो ने ब्लॉक स्तर शंकरगढ़, कुसमी के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राजस्व, पुलिस, वन, पंचायत,महिला एवं बाल विकास, आबकारी एवं कृषि विभाग को अवैध अफीम एवं अन्य अवैध नशे की खेती को पूरी तरह रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एसडीएम अनमोल टोप्पो ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जाए और कहीं भी अवैध रूप से अफीम, गांजे की खेती की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शंकरगढ़ और कुसमी क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में विशेष रूप से सतर्कता बरती जाए और संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। एसडीएम ने यह भी कहा कि गांवों में जन जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है, ताकि किसान किसी भी प्रकार की अवैध खेती से दूर रहें। साथ ही पंचायत स्तर पर भी निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, उन्होंने क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की बात कही।

## अमेरा खदान के रोड सेल का कोयला लोड गाड़ियों को रोककर ग्रामीणों ने किया -प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा खुली खदान परियोजना से रोड सेल की गाड़ियों को सिंगीटाना और पीपरखार के ग्रामीणों द्वारा विवाद कर घंटों खड़ी करा देने की लगातार शिकायतों के बाद खदान प्रबंधन ने आज शुक्रवार को लखनपुर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।



खान प्रबंधक अमेरा ने थाना प्रभारी को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम सिंगीटाना और पीपरखार के ग्रामीणों द्वारा खदान से कोयला लोड कर निकलने वाली रोड सेल की वाहनों को अकारण रोका जा रहा है जिससे खदान से कोयला परिवहन बाधित होता है एवं कोयला उठाव में विलम्ब की स्थिति निर्मित हो रही है।बता दें कि प्रबंधन द्वारा अमेरा खदान से सिंगीटाना तक कुल साढ़े छह किलोमीटर की मजबूत कांक्रीट सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जिसकी लागत करीब नौ करोड़ से अधिक की बताई गई है।पूर्व में कच्ची सड़क होने सड़क की चौड़ाई कम होने सड़क के जर्जर होने ग्रामीणों के साथ कोयला परिवहन में असुविधा होती थी अब सड़क की चौड़ाई साढ़े पांच मीटर कर इसका पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा है,ठेका कंपनी भवानी इंफ्राटेक द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण का कार्य लगभग तीस प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।प्रबंधन के अनुसार सड़क निर्माण कार्य में भी कुछ ग्रामीणों द्वारा विवाद कर सड़क निर्माण कार्य को रुकवा दिया जा रहा है जबकि उक्त पक्की सड़क निर्माण से खदान क्षेत्र के आसपास के दर्जनों गांव के लोग इससे सीधे लाभान्वित होंगे।शुक्रवार को भी स्थानीय कुछ ग्रामीणों द्वारा रोड सेल की ट्रकों को रोक देने के बाद प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अमले ने चर्चा कर सड़क को खुलवाया तब जाकर कोयला परिवहन शुरू हुआ।ग्रामीणों की मानें तो कोयला परिवहन से उड़ने वाली धूल और कोयला लोड भारी वाहनों के आवाजाही के कारण उन्हें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ता है।ग्रामीणों ने स्थानीय निवासियों को समुचित पेयजल व्यवस्था सहित सड़क पर निरंतर पानी छिड़काव सहित अन्य मांगो को लेकर पिछले दिनो प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था जिस पर प्रबंधन ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया था।शुक्रवार को ग्राम सरपंच विफल लकड़ा एवं नवल लकड़ा की अगुवाई में स्थानीय ग्रामीणों ने घंटों प्रदर्शन कर कोयला परिवहन का कार्य रोक दिया।



# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।

लाइफ Style

# अनन्या
## खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



## फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।



## डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



## सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा


**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




## मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म नें नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

टीवी मसाला




## एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।

## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।



## तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6 भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।



## इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।

रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज



### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।



### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन ब्रूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, ब्रूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुईं 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुईं सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



मनेन्द्रगढ़। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी द्वारा शनिवार को मनेन्द्रगढ़ में पंचायत कमेटी एवं वार्ड कमेटी के गठन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं जिले के प्रभारी जेपी श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर कांग्रेस पार्टी को और सक्रिय बनाने तथा आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने पर विस्तार से चर्चा की गई, साथ ही पंचायत और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व विधायक गुलाब कमरो, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेशचंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, जिला महामंत्री रफीक मेमन, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण श्रीमती निर्मला चतुर्वेदी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी, ब्लॉक अध्यक्ष चिरमिरी शिवांश जैन, ब्लॉक अध्यक्ष जनकपुर अंकुर प्रताप सिंह, पूनम सिंह, आनंद राय, जगदीश मधुकर, राजाराम कोल, अमर सिंह सहित कांग्रेस पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में सभी नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनता के हित में संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### अबां सहायिका के 30 पदो के लिए होगी भर्ती

**बैकुण्ठपुर।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बैकुंठपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 27 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए सहायिका एवं 1 पालना कार्यकर्ता तथा 2 पालना सहायिका के पदों के लिए आवा आपत्ति आमंत्रित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र लालीमाटी, कन्टहियापारा, रेडीभावना, पटेलपारा कंचनपुर, चेरवापारा देवरी, लवानापारा, महादेवपारा हथवर, नागडोली, हरिजनपारा, बगीचापारा, सड़कपारा, पकरीपारा, खालपारा, कुंवीपारा, ट्रांसफार्मरपारा,सोनीपारा, नकटापारा, पटेलपारा सरईगहना नवापारा, जाबरटिकरा, महादेवपारा बुडार, अहिरापारा मोदीपारा, खजुरपारा, उरांवपारा, बांसपारा, पटेलपारा टेंगनी, नगर पालिका बैकुंठपुर के भट्टीपारा में वार्ड नंबर 2 के लिए 1 पालना कार्यकर्ता एवं छिन्दडांड, नगर पालिका शिवपुर चरचा के ट्रिपलरदफाई में 1-1 पालना सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए 24 मार्च तक कार्यालयीन दिवस व समय में अपना आवा आपत्ति जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### एमपी में टॉप-10 मंत्रियों में शामिल हुए दिलीप

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और कोतमा विधानसभा के विधायक दिलीप जायसवाल के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। प्रदेश सरकार में उनके उत्कृष्ट कार्यों, जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण और विकासवादी सोच के चलते उन्हें मध्यप्रदेश के टॉप-10 मंत्रियों की सूची में गौरवशाली स्थान प्राप्त हुआ है। मंत्री श्री जायसवाल न केवल कुटीर एवं ग्राम उद्योग विभाग के माध्यम से प्रदेश के छोटे उद्यमियों और शिल्पकारों को नई पहचान दिला रहे हैं बल्कि सीधी और मंडला जिले के प्रभारी मंत्री के रूप में भी वे निरंतर विकास कार्यों की निगरानी और जन समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। उनके कुशल नेतृत्व में इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन देखने को मिल रहा है।

भाजपा का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग

# कार्यकर्ताओं को संगठन व विचारधारा की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज. बरबसपुर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा नागपुर के आरके पैलेस में दो दिवसीय आवासीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले द्वारा पार्टी का ध्वज फहराकर की गई। इसके पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमती पावले ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और उनका एकात्म मानववाद का दर्शन भारतीय जनता पार्टी की मूल प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने के साथ-साथ संगठन की कार्यपद्धति, नीति और सिद्धांतों से भी परिचित कराते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान और अनुभव को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यशाला को कुल सात सत्रों में विभाजित किया गया था। इनमें दीप प्रज्जवलन, अतिथि स्वागत, उद्बोधन एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया, कार्य विस्तार, हमारी दृष्टि व इतिहास, विकास यात्रा, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, एआई, सरल ऐप और नमो ऐप के उपयोग सहित बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चंपा देवी पावले, द्वारिका जायसवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, डमरू बेहरा, लखन श्रीवास्तव, अरविंद अग्रवाल और राजकुमार वधावन ने अपने विचार रखे। वहीं नागपुर मंडल की कार्यशाला प्रभारी श्रीमती सरोज यादव की भी विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में नागपुर मंडल के पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# पानी के एक-एक बूंद को संरक्षित करें

## जनभागीदारी से जलसंचय पर केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



**कैसे होता है भूमिगत जल रिचार्ज**

वैज्ञानिकों ने बताया कि जमीन के नीचे चट्टानों की परतों के आधार पर रिचार्ज और डिस्चार्ज जोन बनते हैं। जहां पानी जमीन के अंदर समा जाता है उसे रिचार्ज जोन कहा जाता है, जबकि जहां पानी बाहर निकल जाता है उसे डिस्चार्ज जोन कहा जाता है। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, शिवपुर अध्यक्ष अरूण जायसवाल, पटना नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एसडीएम बैकुंठपुर सहित जल संसाधन, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी तथा राजस्व विभाग के मैदानी कर्मचारी शामिल हुए।

कोरिया जिले में जल संरक्षण के अभियान को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की उपस्थिति में जनभागीदारी से जलसंचय अभियान पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड से आए वैज्ञानिकों ने जिले के जनप्रतिनिधियों को जल संरक्षण के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी और सरल संरचनाओं के माध्यम से जल संचय को बढ़ाने के उपाय बताए। कार्यशाला में केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों ने बताया कि जल संरक्षण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य रिचार्ज जोन की पहचान करना है। उन्होंने बताया कि जमीन के भीतर चट्टानों के बीच बने गैप में पानी का संग्रह आसानी से किया जा सकता है, जिससे भू-जल स्तर को तेजी से बढ़ाया जा सकता है। केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड की विशेषज्ञ महिमा अवस्थी और शिप्रा ने बताया कि कोरिया जिले का अधिकांश क्षेत्र रिचार्ज जोन में आता है। जिले की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण की संरचनाएं बनाकर भू-जल संसाधनों को मजबूत किया जा सकता है।

इस अभियान के सफल होने से जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश को भी लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि जल संरक्षण को तेजी से आगे बढ़ाकर जन आंदोलन बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जल संरक्षण के लिए प्रयास नहीं किए गए तो आने वाला भविष्य चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को इस अभियान में नेतृत्व की भूमिका निभाने की अपील की। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि आज पानी की किल्लत एक वैश्विक समस्या बन रही है। ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि पानी के एक-एक बूंद को संरक्षित किया जाए।

# तीन एकड़ बंजर पहाड़ पर बने 460 कंटूर ट्रेंच



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले की ग्राम पंचायत लोहारी में बंजर पहाड़ पर सैकड़ों कंटूर ट्रेंच बनाकर वर्षा जल संचयन की सराहनीय पहल की गई है। ग्राम पंचायत लोहारी में पंचायत के किनारे स्थित लगभग तीन एकड़ बंजर पहाड़ी क्षेत्र में वर्षा जल को रोकने के उद्देश्य से सैकड़ों कंटूर ट्रेंच बनाए गए हैं। इन संरचनाओं के माध्यम से आगामी वर्षा ऋतु में लगभग 20 लाख लीटर वर्षा जल को भूमिगत करने में मदद मिलेगी, जिससे भू-जल स्तर बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

■ वर्षा ऋतु में 20 लाख लीटर पानी होगा संरक्षित

प्रदेश स्तर पर शुरू किए गए मोर गांव मोर पानी महाभियान में जनभागीदारी के आह्वान के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत एमसीबी जिले के जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के ग्राम लोहारी में एक बड़े खाली पहाड़ी क्षेत्र का चयन किया गया। क्षेत्र की मिट्टी और ढलान का तकनीकी आंकलन करने के बाद यहां बड़े पैमाने पर कंटूर ट्रेंच निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया। ग्रामसभा की अनुशंसा के आधार पर इस कार्य को 1 लाख 80 हजार रूपए की लागत से स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम पंचायत लोहारी के सरपंच मोती सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के अभियान से प्रेरित होकर पंचायत में चर्चा के बाद इस कार्य का प्रस्ताव तैयार कर जिला पंचायत कार्यालय भेजा गया। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीण श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक कार्य में भाग लिया और तकनीकी सहायक मुकुल के मार्गदर्शन में लगभग सवा हेक्टेयर क्षेत्र में कुल 460 कंटूर ट्रेंच का निर्माण पूरा किया गया। तकनीकी सहायक श्री मुकुल के अनुसार, इन कंटूर ट्रेंच के माध्यम से वर्षा ऋतु में लगभग 20 लाख लीटर वर्षा जल को भूमिगत करने में सफलता मिलेगी। क्षेत्र में औसतन प्रतिवर्ष लगभग 1000 मिलीमीटर वर्षा होती है, जिसके आधार पर पूरे निर्माण क्षेत्र में होने वाली वर्षा से प्राप्त जल को संरक्षित कर भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# कैशलेस इलाज सुविधा के लिए बजट में 100 करोड़ का प्रावधान- जायसवाल

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

छग विधानसभा में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विभागों कि लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 6976 करोड़ 54 लाख रूपए से अधिक की अनुदान मांगे पारित हो गई है। अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं संकल्प पर आधारित होंगीं। इसमें एस-मजबूत इंस्टिट्यूशन्स (सशक्त संस्थान), ए एकेडमिक एक्सीलेंस (उत्कृष्ट अकादमिक गुणवत्ता), नेक्स्ट जनरेशन रिसर्च (नवोन्मेषी अनुसंधान), के नॉलेज क्लिनिकल



कम्पटेनेशी (कौशल एवं क्लीनिकल दक्षता), एडवाईस मेडिकल फेसिलटीज (आधुनिक चिकित्सा सुविधा), एल लाइफ सेविंग इन्फ्रास्ट्रेक्चर तथा प्रोफ्रिशनल एण्ड ट्रांसपरेंट गर्वेनेश (पारदर्शी प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी) शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब प्रस्तुत करते हुए प्रदेश के सभी शासकीय अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की योजना शुरू करने की बात कही। इसके लिए बजट में 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि इस प्रदेश का हर जन स्वस्थ रहे। प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने बताया कि गंभीर बीमारियों के उपचार को सुलभ बनाने के लिए प्रदेश में 25 नए डायलिसिस केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

# खरमास शुरु, एक महिने तक शुभ कार्यों पर विराम

**बैकुण्ठपुर।** सूर्य के मीन राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास की शुरूआत 14 मार्च से शुरू हो गई और इस दौरान एक माह तक शुभ कार्यो में विराम लग गई। जानकारी के अनुसार 14 मार्च से आगामी माह 14 अप्रै्ल तक खरमास की स्थिति रहेगी। इस दौरान सभी तरह के मांगलिक कार्य करना वर्जित किया गया है। इस तरह अब एक माह के लिए शहनाईयों की गुंज भी थम जाएगी। पंडितों के अनुसार सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करने के साथ ही तेज कम हो जाता है, इसके चलते इस अवधि में किसी भी तरह का शुभ कार्य करना ठीक नहीं होता है। जानकारी के अनुसार खरमास लगने के साथ ही विवाह कार्य, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, जनेउ संस्कार नहीं की जाती साथ ही नई संपत्ति की भी खरीदी करना भी शुभ नहीं होता। ऐसे में इस वर्ष मार्च के महीने में संपत्ति की खरीदी बिक्री पर असर पड़ने की पूरी संभावना है। उल्लेखनीय है कि मार्च के महीने में सबसे अधिक संपत्ति की खरीदी उपरांत रजिस्ट्री होती है, क्योंकि अगले माह से रजिस्ट्री की नई दरें लागू होती है। अब आगामी माह 14 अपै्रल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के बाद शुभ कार्यो की शुरूआत हो सकेगी। खरमास के दौरान विवाह के मुहूर्त नहीं होने का असर विभिन्न व्यवसायों में भी

# 28,145 किसानों को मिले 5.65 करोड़

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत किसानों के लिए बड़ी सौगात के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम से योजना की 22 वीं किस्त जारी कर दी। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से देशभर के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रूपए से अधिक की सम्मान राशि सीधे हस्तांतरित की गई। इस राशि का लाभ बड़ी संख्या में महिला किसानों को भी प्राप्त हुआ। इसी क्रम में एमसीबी जिले के किसानों को भी योजना का लाभ मिला। जिले के



28,145 किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल 5 करोड़ 65 लाख रूपए की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान को 2,000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जिससे किसानों को खेती-किसानी से जुड़े आवश्यक कार्यों में आर्थिक सहयोग मिलेगा। प्रधानमंत्री द्वारा किस्त जारी किए जाने के अवसर पर जिले में भी पीएम किसान उत्सव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

# स्कूलों के आसपास तंबाकू बिक्री पर प्रशासन सख्त, 8 दुकानों पर जुमार्ना

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़।



कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान मनेन्द्रगढ़ बस स्टैंड और फव्वारा चौक क्षेत्र में स्थित दुकानों का निरीक्षण किया गया।

जांच के दौरान सरस्वती विकास विद्यालय और शासकीय गर्ल्स स्कूल के 100 गज के दायरे में संचालित किराना दुकानों, चाय ठेलों, पान दुकानों और गुमटियों में तंबाकू युक्त पदार्थों की बिक्री पाई गई। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 और 6 के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 8 पान ठेला, रेस्टोरेंट, किराना स्टोर, गुमटियों, होटल और चाय दुकानों पर कुल 2200 रूपए का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू, सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में कोटपा नोडल अधिकारी डॉ. कीर्ति चौहान, स्वास्थ्य विभाग डॉ. विक्की टोप्पो, नोडल अधिकारी एनएचए एक्ट सुश्री लक्ष्मी रजक तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा और आलोक मिंज मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए जिले में इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# विज्ञान के प्रति बढ़ेगी रुचि, बेसरझरिया में स्थापित हुआ साइंस लर्निंग सेंटर

**बैकुण्ठपुर।** वैज्ञानिक शिक्षा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तार्किक मन विकसित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विद्यालयों में जिला शिक्षा विभाग और ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के तत्वावधान में साइंस लर्निंग सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 13 मार्च को शासकीय माध्यमिक शाला बेसरझरिया में साइंस लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के जिला संयोजक कमल डडसेना व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि अमरनाथ सिंह शिक्षक व सदस्य ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी



एवं सुशील कुमार शुक्ला संकुल समन्वयक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक बेसरझरिया मूरत सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रविप्रकाश डडसेना ने किया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए हुए विज्ञान के विभिन्न मॉडलों का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित विज्ञान के मॉडल की कार्य और सिद्धांत को बच्चों द्वारा बताया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र में द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिले में बहुत जल्द सभी माध्यमिक शालाओं में इस तरह की साइंस लर्निंग सेंटर की शुरूआत की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तीन मंजिला बालकनी...

आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह दुर्घटनावश गिरने की घटना है या किसी अन्य कारण से हादसा हुआ, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। एसईसीएल कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों ने भी इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

### नर्सरी में लगी...

सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी, वहीं विनोद कश्यप और अमरजीत ने मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम को आग बुझाने में पूरा सहयोग दिया। प्रारंभ में घटना की जानकारी चिरमिरी निगम को दी गई, लेकिन वहां अग्निशमन वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण जिला एमसीबी मनेन्द्रगढ़ से संपर्क करने की सलाह दी गई। सूचना मिलते ही जिला एमसीबी की अग्निशमन टीम ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। अग्निशमन दल में शिवचरण सिंह, रमेश सिंह, ज्ञानचंद, दुर्गा सिंह, कमलेश साहू, सनी यादव, धानमत सिंह तथा वाहन चालक सनी केवट शामिल रहे। टीम की मुस्तैदी और स्थानीय युवकों के सहयोग से आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया।

# संसद घेराव कार्यक्रम में शामिल होने एमसीबी के 35 युवा कांग्रेसी दिल्ली रवाना

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



युवा कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित संसद घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एमसीबी जिले से युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दल दिल्ली के लिए रवाना हुआ। युवा कांग्रेस नेता हाफिज मेमन और स्वप्निल सिन्हा के नेतृत्व में जिले के लगभग 35 युवा कांग्रेसी उत्साह के साथ दिल्ली के लिए प्रस्थान किए। रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संसद घेराव कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं, किसानों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को राष्टीय स्तर पर मजबूती के साथ उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशभर से युवा कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे। नेताओं ने बताया कि संगठन हमेशा से जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करता रहा है और आगे भी जनता की आवाज को उठाने के लिए इसी तरह आंदोलन जारी रहेंगे। एमसीबी जिले से दिल्ली रवाना हो रहे युवाओं ने संगठन की नीतियों को मजबूती देने और जनहित के सवालों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का माहौल देखा गया।







